## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने केंद्र से राज्य के ग्रामीण इलाकों में स्थानीय युवाओं को एसपीओ नियुक्त करने की मांगी अनुमति।
- जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज जमशेदपुर में आदि महोत्सव का करेंगे उद्घाटन, तीन सौ पच्चास जनजातीय कलाकार और कारीगर लेंगे हिस्सा।
- झारखंड उच्च न्यायालय का रांची नगर निगम को निर्देश, कर्मचारियों के प्रमोशन मामले में अदालत के आदेश का तीन सप्ताह में अनुपालन सुनिश्चित करें।
- राज्य के बेहतर प्रदर्शन करने वाले पशु चिकित्सक होंगे सम्मानित, सत्रह अक्टूबर को होगा सम्मान समारोह।
- हॉन्गझोउ एशियन गेम्स में आज सवेरे भारतीय तीरंदाजों ने दो गोल्ड समेत 4 पदक जीते, महिला कबड्डी में भी भारत को स्वर्ण, सौ पदकों की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के ग्रामीण इलाकों में स्पेशल पुलिस ऑफिसर, एसपीओ के रूप में स्थानीय युवाओं को नियुक्त करने की अनुमति केंद्र सरकार से मांगी है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में वामपंथी उग्रवाद को लेकर आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में आठ लाख पात्र लाभुकों को आवास स्वीकृत नहीं किए जाने और बैंकों द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं करने का भी मुद्दा रखा। मुख्यमंत्री ने उग्रवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान और उसे मिली सफलता की जानकारी भी इस बैठक में दी।

*****************

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जमशेदपुर में आज से सोलह अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव –आदि महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और ट्राईफेड द्वारा आयोजित आदि महोत्सव में लगभग 350 जनजातीय कारीगर और कलाकार भाग होंगे। ट्राईफेड झारखंड के क्षेत्रीय प्रबंधक एसके राजू ने बताया कि आदि महोत्सव में डेढ़ सौ से ज्यादा स्टाल्स में हस्तशिल्प, प्राकृतिक उत्पाद और जनजातीय व्यंजन विशेष रूप से उपलब्ध होंगे। यहां जनजातीय कला और संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जाएगा। आदि महोत्सव के उद्घाटन समारोह में जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह और विशेश्वर टुडू भी मौजूद रहेंगे।

*****************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने चतरा जिले के हंटरगंज अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी विपिन चौबे को कल पंद्रह हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक व्यक्ति ने जमीन के दाखिल खारिज के नाम पर पच्चीस हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने की शिकायत एसीबी में दर्ज कराई थी।

*****************

राज्य सरकार ने हाल ही में शुरू किए गए आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो सौ छह सरकारी एंबुलेंस वाहनों का तीन करोड़ पैंसठ लाख रुपए का टैक्स माफ करने का निर्णय लिया है। परिवहन मंत्री चम्पाई सोरेन ने एंबुलेंस वाहनों के निबंधन की टैक्स राशि माफ करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची नगर निगम को चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति देने के मामले में तीन सप्ताह के अंदर अदालत के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश डॉक्टर एसएन पाठक की अदालत ने सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त की ओर से नई दिल्ली में चुनाव आयोग की बैठक में शामिल होने का हवाला देकर आज अदालत में सशरीर उपस्थित होने से छूट देने की मांग को लेकर दाखिल हस्तक्षेप याचिका को स्वीकार कर लिया।

*****************

हजारीबाग जिले में विभिन्न योजनाओं के जरिए महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाया जा रहा है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

राज्य के बेहतर प्रदर्शन करने वाले पशु चिकित्सक सम्मानित किए जाएंगे। इस सिलसिले में कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग की ओर से सत्रह अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। पशुपालन निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि कृषि मंत्री बादल के निर्देश पर राज्य के लगभग चार सौ पचास पशु अस्पतालों का मूल्यांकन हो रहा है। इस मूल्यांकन में जिन पशु अस्पतालों का बेहतर प्रदर्शन होगा, वहां के पशु चिकित्सा सम्मानित होंगे।

*****************

सरायकेला–खरसांवा जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में समर अभियान को लेकर उन्मुखी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि एक हजार दिवसीय इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी कुपोषित बच्चे, धात्री मां और गर्भवती महिला की जांच के बाद इलाज कराया जाएगा।

*****************

रामगढ़ जिले के उपायुक्त चंदन कुमार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा की। उन्होंने इन दोनों योजनाओं के सभी लंबित आवेदनों का निपटारा एक सप्ताह में करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने उद्योग प्रबंधक को कहा कि इन योजनाओं से जुड़े कार्य के प्रति उदासीन बैंक प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई करने की दिशा में पहल करें।

*****************

संक्षिप्त खबरें

- राजधानी रांची के वन भवन में आयोजित समरोह में वन्य प्राणी सप्ताह–2023 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- हजारीबाग जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संप्रेषण गृह के किशोरों को 30 दिवसीय कौशल विकास का प्रशिक्षण मिलेगा।
- गोड्डा शहर और महगामा तथा अंतर राज्य चेकनाकाओं पर पहले चरण में दो सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीसीटीवी लगाने के लिए स्थल चयन किया जा रहा है।

*****************

हॉन्गझोउ एशियन गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। आज सवेरे भारतीय तीरंदाजों ने दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और एक कांस्य पदक जीते। प्रवीण ओजस ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण तो अभिषेक वर्मा ने रजत पदक हासिल किया, वहीं कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में ज्योति सुरेखा ने स्वर्ण और अदिति गोपीचंद ने कांस्य पदक देश को दिलाया। वहीं महिला कबड्डी में भी भारत को गोल्ड मेडल मिला। इस तरह भारत अब पच्चीस स्वर्ण, पैंतीस रजत और चालीस कांस्य पदक समेत सौ पदकों की ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबरों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में वामपंथ उग्रवाद पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– 5वीं तक के शिक्षकों को मध्य विद्यालय में प्रोन्नति के लिए पास करना होगा जेटेट।

हिन्दुस्तान ने रिम्स रांची में गंभीर मरीजों को छह घंटे इंतजार के बाद खून मिलने से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर लिखता है–केंद्र को नहीं भेज पाए ऑडिट रिपोर्ट, राज्य के पैंतीस लाख बच्चों का बंद हो सकता है एमडीएम।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–सीएजी के पास विधानसभा के अफसरों की शैक्षणिक योग्यता का रिकॉर्ड नहीं।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और दि टाइम्स ऑफ इंडिया ने हॉगझोउ एशियन गेम्स में भारत के शानदार प्रदर्शन से जुड़ी खबर को तस्वीरों के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************